जोगन चली गई मेले लांगुर रह गए अकेले

जोगन चली गई मेले लांगुर रह गए अकेले....

मेले में जोगन ने क्या क्या देखा,
साधु संत और चेले लांगुर रह गए अकेले,
जोगन चली गई मेले लांगुर रह गए अकेले....

मेले में जोगन ने क्या क्या खरीदा,
झुमके चूड़ी और केले लांगुर रह गए अकेले,
जोगन चली गई मेले लांगुर रह गए अकेले....

मेले में जोगन ने क्या-क्या बांटा,
बड़े-बड़े मिश्री के डेले लांगुर रह गए अकेले,
जोगन चली गई मेले लांगुर रह गए अकेले....

मेले में जोगन ने क्या क्या खाया,
टॉफी बतासे और पेढे लांगुर रह गए अकेले,
जोगन चली गई मेले लांगुर रह गए अकेले....

जोगन ने मैया से क्या-क्या मांगा,
अटल सुहाग मां दे दे लांगुर रह गए अकेले,
जोगन चली गई मेले लांगुर रह गए अकेले....

जोगन ने मैया से क्या क्या मांगा,
गोदी में लालन खेले लांगुरिया गए अकेले,
जोगन चली गई मेले लांगुर रह गए अकेले....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25692/title/jogan-chali-gayi-mele-laangur-reh-gaye-akele

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |